PRAKSIS
THE JOURNAL OF ASIAN SOCIAL DEMOCRACY

Volume 1
Issue 3
November 2021

INEQUALITY: ADDRESSING ASIA'S GREAT SCOURGE

PRAKSIS
THE JOURNAL OF ASIAN SOCIAL DEMOCRACY

PRAKSIS is a biannual publication of the Network of Social Democracy in Asia (Socdem Asia). It seeks to combine theory and practice by providing cogent analyses to inform the strategy of the progressive movement and help shape the policy direction that should guide the region's governments.

Marie Chris Cabreros
Network Coordinator

Francis Isaac
Editor-in-Chief

Carlo Angelo Vargas
Communications Officer and Editorial Assistant

Nando Jamolin
Art and Design Assistant

Marlon Cornelio
Program Coordinator

Bea Reyno
Network Secretary

Editorial Board and Steering Committee

Nurima Ribeiro Alkatiri
Marie Chris Cabreros
Rafaela David
Francis Isaac
Anurag Shanker
Piyabutr Saengkanokkul
Sondang Tampubolon
Teo Nie Ching

Network of Social Democracy in Asia
Unit 3-E, 112 Maginhawa Street, Barangay Teachers' Village East,
Quezon City 1101

Website: www.socdemasia.com   Facebook: facebook.com/SocDemAsia
E-mail:secretariat@socdemasia.com

INEQUALITY STILL PREVAILS IN INDIA

By: Akanksha Kumari

Despite being a democracy, India is still far from attaining 'equality.' The Constitution of India acknowledges that all individuals are equal, but inequality remains a critical issue that affects every region and section of society.

This article talks about the problem of inequality that affects India and many other countries as well. Internationally, there have been talks of fighting inequality, but efforts have so far been in vain. Inequality has haunted humanity for centuries, and it continues to persist in the present century.

While globalization has placed the world on the path to development, sections of society still struggle for basic needs. Social, economic, educational, regional, and industrial inequalities remain the biggest hindrance to the development of any country. Many countries are witnessing a rise in inequality due to social disparity, which has effectively marred morality and our sense of humanity.

The situation remains grave across many countries of Asia, including India. The pace of reforms on social issues like illiteracy, poverty, hunger, malnutrition, food, electricity, water, medicine, unemployment, discrimination, etc., is plodding. In India, with a whopping population of about 1.39 billion, millions of people are still socially excluded from the mainstream, and many are still homeless. They are the ones paying the price for the government's failure to address inequality.

"In India, millions of people are still socially excluded from the mainstream. They are the ones paying the price for the government's failure to address inequality.

Image: www.eco-business.com

This situation leads to regressive politics and destroys social cohesion. Inequality also affects mobility. Even relatively poor people, even if they are not deficient in the absolute sense, cannot pass on to their children a share of the benefits of social capital, education, and inheritance that rich people pass on to their children. Inequality, therefore, is passed on from generation to generation, turning into a curse.

The rise of the affluent class in India has further contributed to the nation's economic inequality. As a result, income inequality is at its highest level in the country. Moreover, due to the lack of basic facilities, some people are not getting enough bread. No wonder reports of farmers committing suicide in some areas of Maharashtra, Andhra Pradesh, and Uttar Pradesh keep floating.

The social and economic status of women in India has seldom witnessed any significant difference. The condition of women in rural areas remains stagnant. The condition of women's health, survival and economic participation has deteriorated, slipping four places to 112 from a year ago.

According to the World Economic Forum's 2020 report, gender inequality is determined based on four main factors. These include economic opportunities available to women, political empowerment, educational achievements, and health and life expectancy. Yemen has the worst position in the gender gap index. The report further points out that China, Sri Lanka, and Nepal have better slots on the gender gap index than India. In addition, India is among the bottom five countries in terms of women's participation in the health and economic partnership sectors, as per the annual survey report of the World Economic Forum on the increasing gap between women and men in various fields. India ranked 108th on this list in 2019. The country ranks below China (106), Sri Lanka (102), Nepal (101), Brazil (92), Indonesia (85), and Bangladesh (50) in the World Economic Forum's gender gap report.

"It will take 100 years to achieve an equal sex ratio, but the situation has worsened due to the COVID-19 pandemic.

Image: www.hindustantimes.com

Iceland has the highest gender equality score. A poll on gender equality among 17 countries reveals that half of the world's population will be under the leadership of women by 2030. The survey also shows that there is global public support for gender equality and that people expect leaders to take meaningful action to bridge the gender divide in politics and business.

As previously estimated by the World Economic Forum, it will take 100 years to achieve an equal sex ratio, but the situation has worsened due to the COVID-19 pandemic. Women worldwide face high rates of unemployment due to job losses or leaving work post-maternity. Periods of economic crises also has a gender dimension. Companies cannot ignore the fact that during the present crisis, women are more likely to lose their jobs than men due to the prevailing gender inequality. According to the report released this year, 33.9% of women have experienced anxiety, irritability, anger, and lack of sleep during the lockdown compared to 18.2% of men.

Image: www.lowyinstitute.org

There is a Need to Raise Women's Social and Economic Status

India celebrates International Women's Day every 8 March of each year. Governments, voluntary institutions, and NGOs also keep organizing programs focusing on the upliftment of women. But the participation of women in these programs, especially at the village level, remains negligible. The biggest reason for this is illiteracy, which is also responsible for women not exercising their rights or even not knowing how to use them.

It is important to mention that respondents in all 17 countries said that equal pay is crucial for achieving economic justice. Unpaid care, household chores, and parental responsibility have also been cited as significant causes of gender disparity. The private sector can help address women's economic empowerment by undertaking programs that address wage inequality and help eliminate widespread gender inequality in the workplace — providing paid parental leave and child guarantee, to name a few.

As of 2020, 50 countries still do not have legislation that protect employees from sexual harassment in the workplace. The private sector can introduce initiatives to help prevent sexual harassment. It can also use its resources to affect change through public communication and marketing campaigns. As a key stakeholder in the digital communications industry, the private sector can significantly prevent cyber violence

India Still Lags in Health, Hygiene and Well-Being

Many states in India still lack development in terms of health and sanitation. Even though the central government has been actively working on these areas, many places still lack health facilities. This situation has been made apparent during the ongoing corona pandemic. According to Oxfam's *India Inequality Report 2021*, nearly 50% of Scheduled Caste (SC) and Scheduled Tribe (ST) households also face difficulties accessing non-COVID medical facilities, compared to 18.2% of the general population category households. The report reveals that 65.7% of the general category households have better sanitation facilities, while only 25.9% of the ST households have good sanitation facilities.

The report also found that children in more than 12.6% of SC families did not develop appropriately than those in the general category families. The report analyzes health outcomes across different socioeconomic groups to measure the level of health inequality existing in the country. It also mentions that the COVID-19 pandemic has exacerbated these inequalities. According to the report, Hindu households are doing better than Muslim families in accessing health facilities. Low-income earners are facing five times more discrimination in their community than others when infected with COVID-19. Less girls get vaccinated than boys, and vaccination is higher in urban areas than in rural areas. Vaccination in the SC and ST communities is less compared to others. The report also said that states that reduced inequalities and spent more on health facilities has fewer infections. It also found out that the recovery rate from COVID-19 has been higher in states with higher health expenditures.

We Need to Work Together to Tackle Inequality

It is interesting to note that the Constitution of India broadly defines equality. Anyone living in India, whether a citizen or not, has the right to equality. No person can be discriminated in India based on religion, language, caste, or gender. The Constitution guarantees, in every possible way, that all people get equal opportunity.

To attain equality for all people, social democrats have often raised their voices for the untouched people, bringing their demands before the central government. Democrats insist that providing equal opportunity to all citizens is a must to reduce economic disparity in India. But first of all, education and healthcare should be made free. Employment opportunities should also be increased so that all citizens can become self-reliant in a true sense.

Inequality also has political implications. Wealthy people often use their power and political contacts to serve their interests and establish their position in society. The central government had promised to provide shelter to all by 2022, but progress has been sluggish. However, the government is sensitive to this issue. It has adopted the concepts of "self-reliant" India and "Make in India" to strengthen infrastructure, increase employment, uplift the rural economy, improve agriculture, etc.

Several self-help groups, financial institutions, etc., are helping propel the work of "Make in India" initiative. But, along with the central government, state governments will also have to accelerate the work in this regard. ■

"Education and healthcare should be made free. Employment opportunities should also be increased so that all citizens can become self-reliant in a true sense.

Image: www.newsclick.in

भारत में 'असमानता' आज भी है अभिशाप, देश के करोड़ों लोग मूलभूत जरूरतों से हैं वंचित

वैसे तो भारत एक लोकतांत्रिक देश है, लेकिन जब बात यहां लोकतांत्रिक होने की आती है तो इसका सबसे बड़ा हिस्सा 'समानता' से कहीं दूर कोने में नजर आता है। भारतीय संविधान के अनुसार देश के प्रत्येक नागरिक को समानता का अधिकार है, लेकिन आज 21वीं सदी में भी भारत में 'असमानता' एक बड़ा मुद्दा है जिससे देश का हर क्षेत्र और हर वर्ग प्रभावित है।

आज हम एक ऐसे मुद्दे की बात करने जा रहे हैं जिससे भारत ही नहीं दुनिया के कई देश जकड़े हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसे लेकर बातें तो खूब बड़ी-बड़ी की जाती है लेकिन अभी तक इस पर जमीनी स्तर पर अमल में लाया नहीं गया है। सदियों से चली आ रही यह सामाजिक बीमारी आज भी समाज में मुंह बाए खड़ी है। जी हां हम आज बात कर रहे हैं 'असमानता' की। ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में दुनिया तेजी के साथ नए-नए विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रही है, लेकिन समाज का एक वर्ग ऐसा है जो मूलभूत जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहा है। सामाजिक असमानता, आर्थिक असमानता, शैक्षिक असमानता, क्षेत्रीय असमानता और औद्योगिक असमानता ही देश को विकसित बनाने में सबसे बड़ी 'बाधा' बनी हुई है। सामाजिक असमानता के कारण ही आज समाज में आपसी प्रेम, भाईचारा, मानवता, इंसानियत और नैतिकता खत्म होती जा रही है। मौजूदा दौर में दुनिया के कई देशों में असमानता बढ़ रही है। भारत के साथ एशिया के कई देशों में सबसे अधिक असमानता की स्थिति में खास सुधार नहीं हो पाया है। अशिक्षा, गरीबी, भुखमरी, कुपोषण, भोजन, बिजली, पानी चिकित्सा, बेरोजगारी, भेदभाव आदि सामाजिक मुद्दों पर सुधार की रफ्तार बेहद धीमी है। अगर भारत की बात करें तो अभी भी करोड़ों लोग सामाजिक तौर पर मुख्यधारा में नहीं आ सके हैं, लगभग एक अरब 35 करोड़ आबादी वाले इस देश में अधिकतर लोगों के घर का सपना पूरा नहीं हो पा रहा है। ऐसे लोगों का आशियाना सड़क, फुटपाथ, पार्क आदि हैं। सरकारों की इस मुद्दे को हल करने की विफलता की कीमत चुकानी पड़ रही है। यह असमानता का 'अभिशाप' प्रतिकूल राजनीति की ओर ले जाता है और सामाजिक सामंजस्य को नष्ट कर देता है। असमानता गतिशीलता को भी प्रभावित करती है। अपेक्षाकृत गरीब लोग भी, भले ही वे पूर्ण अर्थ में गरीब न हों, अपने बच्चों को शिक्षा और विरासत से लेकर सामाजिक पूंजी के लाभ का हिस्सा देने में सक्षम नहीं हैं, जो कि अमीर लोग अपने बच्चों को देते हैं। यानी असमानता पीढ़ी-दर पीढ़ी बनी रहती है। अति समृद्ध वर्ग के उदय के कारण भारत में आर्थिक असमानता बहुत अधिक है। नतीजतन भारत में आय में असमानता उच्चतम स्तर पर है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में लोगों को दो वक्त की रोटी नसीब नहीं हो पा रही है। इसके साथ महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों में किसानों की आत्महत्या करने की खबरें आती रहती हैं।

आज के समय भी अगर हम महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक स्थिति की बात करें तो भारत की स्थिति में कोई खास अंतर नहीं आया है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की स्थिति आज भी लगभग वही बनी हुई है। महिलाओं की स्वास्थ्य एवं उत्तरजीविता और आर्थिक भागीदारी क्षेत्र में भारत की स्थिति बेहद खराब हो गई है और हम एक साल पहले के मुकाबले चार पायदान फिसलकर 112वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

विश्व आर्थिक मंच की साल 2020 की रिपोर्ट के मुताबिक स्त्री- पुरुष असमानता को चार मुख्य कारकों के आधार पर तय किया गया है। इनमें महिलाओं को उपलब्ध आर्थिक अवसर, राजनीतिक सशक्तिकरण, शैक्षणिक उपलब्धियां तथा स्वास्थ्य एवं जीवन प्रत्याशा (लाइफ एक्सपेटेंसी) शामिल है। स्त्री- पुरुष के बीच अंतर सूचकांक में यमन की स्थिति सबसे खराब है। यह जानकारी स्त्री- पुरुष असमानता पर तैयार रिपोर्ट के जरिए सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार चीन, श्रीलंका और नेपाल की स्थिति भारत से अच्छी है। इसके अलावा स्वास्थ्य और आर्थिक भागीदारी क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी के मामले में भारत सबसे नीचे स्थान पाने वाले पांच देशों में शामिल है। विश्व आर्थिक मंच की महिला और पुरुषों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में बढ़ते फासले से संबंधित इस वार्षिक सर्वेक्षण रिपोर्ट में यह बात कही गई है। भारत साल 2019 में इस सूची में 108 वें पायदान पर था। विश्व आर्थिक मंच की स्त्री- पुरुष अंतर रिपोर्ट में भारत का स्थान चीन (106), श्रीलंका (102), नेपाल (101), ब्राजील (92), इंडोनेशिया (85) और बांग्लादेश (50) से भी नीचे है। स्त्री- पुरुष के बीच सबसे ज्यादा समानता आइसलैंड में है। यहां हम आपको बता दें कि 17 देशों के लिंग समानता पर हुए जनमत सर्वेक्षण में पता चला कि महिला उद्धार और फोकस 2030 के नेतृत्व में दुनिया की आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करता है। सर्वेक्षण यह भी बताता है कि वैश्विक जनता का बहुमत न केवल लिंग समानता का समर्थन करता है, बल्कि राजनीतिक और व्यवसाय में लिंग विभाजन को पाटने और सार्थक कार्रवाई करने के लिए नेताओं से अपेक्षा करता है.वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के अनुसार पहले अनुमान लगाया गया था कि लिंगानुपात हासिल करने में 100 साल लगेंगे, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण स्थिति काफी खराब हो गई है। नौकरी छूटने या चाइल्डकेयर के प्रबंधन के लिए काम छोड़ने के कारण दुनियाभर में महिलाओं

को बेरोजगारी की उच्च दर का सामना करना पड़ रहा है। प्रगति का उलटा असर आर्थिक रूप से लैंगिक समानता को प्रभावित करता है। कंपनियां इस बात को नजरअंदाज नहीं कर सकतीं कि मौजूदा लिंग असमानता के कारण पुरुषों की नौकरियों की तुलना में महिलाओं की नौकरियां इस संकट से ज्यादा खतरे में हैं। इस साल जारी रिपोर्ट के मुताबिक 18.2 प्रतिशत पुरुषों की तुलना में 33.9 प्रतिशत महिलाओं ने लॉकडाउन के दौरान चिंता, चिड़चिड़ापन, क्रोध और नींद की कमी का अनुभव किया है।

महिलाओं को सामाजिक और आर्थिक स्तर पर उठाने की है आवश्यकता:

देश में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर साल 8 मार्च को मनाया जाता है। इसके साथ समय-समय पर सरकारों, स्वयंसेवी संस्थानों और एनजीओ भी महिलाओं के उत्थान के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। लेकिन इन कार्यक्रमों में विशेष तौर पर ग्रामीण स्तर की महिलाएं की भागीदारी न के बराबर होती है। इसका सबसे बड़ा कारण है उनकी अशिक्षा। आज भी महिलाओं में देश में शिक्षित न होने के कारण अपने अधिकारों का प्रयोग नहीं कर पाती हैं या उसका उपयोग भी करना नही जानती।
बता दें कि आर्थिक न्याय और अधिकारों पर प्रगति हासिल करने के लिए सभी 17 देशों के उत्तरदाताओं के लिए समान वेतन प्राप्त करना सबसे लोकप्रिय उपाय था। पुरुषों और महिलाओं के बीच अवैतनिक देखभाल, घरेलू काम और माता-पिता की जिम्मेदारी को भी लैंगिक असमानता का बड़ा कारण माना गया है। निजी क्षेत्र उन नीतियों को लागू करके महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण का नेतृत्व कर सकता है जो कार्यस्थल में वेतन असमानता को हल करती हैं और कार्यस्थल में व्यापक लैंगिक असमानता को खत्म करने में मदद करती हैं। जैसे कि माता-पिता की छुट्टी और बच्चे की गारंटी प्रदान करना। कार्यस्थल में हिंसा और यौन उत्पीड़न को रोकना, 2020 तक 50 अर्थव्यवस्थाओं में अभी भी कर्मचारियों को यौन उत्पीड़न से बचाने का कानून नहीं है। यौन उत्पीड़न को रोकने के लिए निजी क्षेत्र अपनी नीतियां बनाकर उनके कार्यान्वयन को सुनिश्चित कर सकता है। इसके साथ-साथ सार्वजनिक संचार और विपणन अभियानों के माध्यम से मानदंडों को स्थानांतरित करने के लिए संसाधनों का उपयोग भी कर सकता है। डिजिटल संचार उद्योग में प्रमुख हितधारकों के रूप में निजी क्षेत्र बड़े पैमाने पर साइबर हिंसा को रोकने में महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकते हैं।

भारत स्वच्छता-स्वास्थ्य और जीवन यापन के मामले में अभी भी है पिछड़ा:

देश में अभी भी कई प्रदेशों में स्वास्थ्य और स्वच्छता के मामले में विकास नहीं हो सका है। केंद्र सरकार इस ओर भले ही अब थोड़ा तेजी दिखाने लगी है। लेकिन अभी भी कई जगहों पर स्वास्थ सुविधाओं का जबरदस्त अभाव है। यह हमने कोरोना महामारी के दौरान देख लिया था। ऑक्सफैम की 'इंडिया इनइक्वैलिटी (असमानता) रिपोर्ट 2021' के अनुसार करीब 50 प्रतिशत अनुसूचति जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) परिवारों को सामान्य श्रेणी के 18.2 प्रतिशत परिवारों की तुलना में गैर-कोविड चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंचने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट के अनुसार, 'आंकड़ों से पता चलता है कि सामान्य श्रेणी के 65.7 प्रतिशत परिवारों को बेहतर निजी स्वच्छता सुविधाएं हासिल हैं जबकि केवल 25.9 प्रतिशत अनुसूचित जनजाति के परिवारों ने निजी स्वच्छता सुविधाओं के मामले में सुधार किया है। रिपोर्ट में यह भी पता चला कि सामान्य श्रेणी के परिवारों की तुलना में अनुसूचित जाति के 12.6 प्रतिशत से अधिक परिवारों में बच्चों का विकास ठीक तरीके से नहीं हुआ। यह रिपोर्ट देश में विद्यमान स्वास्थ्य असमानता के स्तर को मापने के लिए विभिन्न सामाजिक आर्थिक समूहों में स्वास्थ्य परिणामों का विश्लेषण करती है। इसमें इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि कोविड-19 महामारी ने इन असमानताओं को और बढ़ा दिया है। रिपोर्ट के अनुसार विशेषकर स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच के मामले में हिंदू परिवार मुस्लिम परिवारों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। कम आय वालों को कोविड-19 से संक्रमित होने पर अन्य की तुलना में समुदाय में पांच गुना अधिक भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है। बालकों की तुलना में बालिकाओं का टीकाकरण कम रहा और ग्रामीण इलाकों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण अधिक हुआ। इसके अनुसार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के समुदाय में टीकाकरण अन्य की तुलना में कम रहा। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि जिन राज्यों में असमानताओं को कम करने और स्वास्थ्य सुविधाओं पर अधिक खर्च किया, वहां संक्रमण के मामले कम आए। इसके अनुसार, 'स्वास्थ्य पर अधिक खर्च वाले राज्यों में कोविड-19 से ठीक होने की दर भी अधिक थी'।

असमानता से निपटने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता:

गौरतलब है कि देश का संविधान समानता की व्यापक परिभाषा देता है। इस तरह की समानता भारत में रह रहे हर व्यक्ति को हासिल है। चाहे वह भारत का नागरिक हो या नहीं। भारत में किसी भी व्यक्ति के साथ सिर्फ उसके धर्म, भाषा, जाति या लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं हो सकता। मतलब हर नागरिक को एक समान अवसर मिलेगा। किसी के साथ भी सिर्फ इस वजह से भेदभाव नहीं किया जाएगा कि वह किसी खास, धर्म, जाति, भाषा, क्षेत्र या लिंग का है। देश में सभी लोगों के बीच समान अधिकार और बराबरी से अछूते लोगों के लिए सामाजिक लोकतंत्रवादियों के द्वारा लगातार आवाज उठाए जाते हैं तथा उनके लिए केंद्र सरकारों के समक्ष अपनी बातें रखते हैं। लोकतंत्रवादी कहते हैं कि भारत में आर्थिक दर को कम करने के लिए सभी नागरिकों को अवसर की समानता उपलब्ध करवाना अति आवश्यक है। आर्थिक असमानता कम करने के लिए सबसे पहले शिक्षा व स्वास्थ्य सेवा को मुफ्त कर देना चाहिए। रोजगार के अवसर बढ़ाने चाहिए, जिससे देश के लोग 'आत्मनिर्भर' बन सकेंगे।
आपको बता दें कि उच्च असमानता का राजनीतिक प्रभाव भी होता है। अमीर लोगों के संपर्क और उनकी राजनीतिक शक्ति ज्यादा होती है और वे अपना हित साधने और समाज में अपनी स्थिति स्थापित करने के लिए उस राजनीतिक शक्ति का इस्तेमाल करते हैं। बहिष्कार का उस तबके के बीच नकारात्मक असर पड़ता है, जो अवसरों की कमी के कारण मजबूत और स्थायी बन जाता है। नरेंद्र मोदी सरकार ने सभी को 2022 तक आशियाना देने का वादा किया था, लेकिन इस दिशा में तेजी से कार्य नहीं हो पा रहा है। हालांकि, मामले में सरकार संवेदनशील है, इसलिए आधारभूत संरचना को मजबूत करने के लिए रोजगार में बढ़ोतरी, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में मजबूती, खेती-किसानी की बेहतरी आदि के लिए ही सरकार ने ‘मेक इन इंडिया’ के साथ 'आत्मनिर्भर' भारत की संकल्पना का आगाज किया है। इस दिशा में स्वयं सहायता समूह वित्तीय संस्थान आदि की मदद से ‘मेक इन इंडिया’ के कार्यों को गति दी जा रही है। केंद्र सरकार के साथ राज्य सरकारों को भी इस दिशा में आगे आना होगा।

/SocDemAsia www.socdemasia.com

INEQUALITY: ADDRESSING ASIA'S GREAT SCOURGE